न्यायालय राजस्व अपील प्राधिकारी कोटा

फर्द अहकाम

रामगोपाल बनाम चन्द्रकला वगै.

किस्म मुकदमाः– 223/कोटा मिसल नं0 2021/206 सन् 2021

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	अहकाम जो किस हुक्म की तारीख में जारी हुये
03/06/2022	वकील उभयपक्ष उपस्थित । बहस वकील उभयपक्ष की सुनी गई । वकील उभयपक्ष ने दौराने बहस निवेदन किया कि पक्षकारों के मध्य राजीनामा हो गया है । वकील उभयपक्ष ने अधीनस्थ न्यायालय सहायक कलक्टर इटावा के निर्णय व डिक्री दिनांक 28/09/2021 को निरस्त करते हुए प्रकरण को अधीनस्थ न्यायालय में पुनः प्रति प्रेषित करने का निवेदन किया । हमने वकील उभयपक्ष द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया । वकील उभयपक्ष ने न्यायालय हाजा में आवेदन पत्र वास्ते तस्दीक किये जाने राजीनामा पेश किया है । प्रार्थना पत्र के साथ पक्षकारों के मध्य हुए राजीनामा की प्रति पेश नही की है । रेस्पों0 क्रम 1 लगायत 4 को उक्त निर्णय व डिक्री दिनांक 28/09/2021 को निरस्त करनें में कोई उज्र व आपत्ति नही है । अतः वकील उभयपक्ष द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र मूल ही अधीनस्थ न्यायालय की पत्रावली के साथ संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु भिजवाया जाकर अपील अपीलांट आंशिक रूप से स्वीकार की जाकर अधीनस्थ न्यायालय द्वारा पारित निर्णय व डिक्री दिनांक 28/09/2021 निरस्त किया जाता है । प्रकरण इस निर्देश के साथ प्रति प्रेषित किया जाता है कि अधीनस्थ न्यायालय उभयपक्षों को पुनः सुनवाई का अवसर देते हुए विधि सम्मत निर्णय पारित करें । पक्षकारान दिनांक 06/07/2022 को अधीनस्थ न्यायालय में पेश हों । पत्रावली वाद निर्णय दाखिल दफतर हो व नम्बर से कम हो । **राजस्व अपील प्राधिकारी** **कोटा**	